भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5728

जिसका उत्तर शुक्रवार, 27 मार्च, 2026/06 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों की अनुपलब्धता

5728. श्री अबू ताहेर खान:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को उर्वरकों की अनुपलब्धता के लिए किसानों की दुर्दशा और विरोध की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा देश में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के लिए क्या पहल की गई है; और
(ग) क्या उर्वरकों की अनुपलब्धता के कारण फसल की बुवाई के रकबे में कमी आई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

(i) प्रत्येक फसल मौसम के प्रारंभ होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है।

(ii) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

(iii) देश भर में सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है

(iv) राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांगपत्र जारी करके आपूर्तियों को सुव्यवस्थित करने के लिए उत्पादकों और आयातकों के साथ समन्वय स्थापित करें।

(v) पर्याप्त रेक देने, उर्वरकों को प्राथमिकता देने और राज्यों के लिए रेकों की समय पर निकासी के लिए रेल मंत्रालय के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जाती हैं।

(vi) राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त को देखते हुए यह उल्लेख किया जाता है कि अभी चल रहे रबी मौसम 2025-26 के दौरान देश में उर्वरकों जैसे यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही है। उक्त मौसम के दौरान इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री के संबंध में जानकारी नीचे दी गई है।

रबी 2025-26 (18.03.26 तक) के दौरान उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता एवं बिक्री

आंकड़े एलएमटी में

क्र.सं.	**उत्पाद**	**अखिल भारत**		
		आवश्यकता	**उपलब्धता**	**डीबीटी बिक्री**
1	यूरिया	191.72	249.17	196.42
2	डीएपी	52.72	74.55	52.74
3	एमओपी	15.17	18.98	11.03
4	एनपीकेएस	80.34	114.66	66.35

****